## 12 कार्यालयों में 15 कार्मिक अनुपस्थित मिले

**चिड़ावा**, (निसं)। एसडीएम बृजेश गुप्ता ने शहर के विभिन्न विभागों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। एसडीएम ने बताया कि अनुपस्थित मिले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा।

निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति में दो विभागों में सबसे अधिक कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इनमें पंचायत समिति मनरेगा जेटीए रामेश्वर, सुनील कुमार, सहायक लेखाकार उमरावत सिंह, सहायक कर्मचारी धर्मपाल, पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी सलीमउद्दीन, वरिष्ठ सहायक सुखवीर सिंह, सहायक लेखाकार बिरजू सिंह अनुपस्थित मिले। वहीं नगरपालिका में तीन, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कार्यालय में दो, सीडीपीओ कार्यालय में दो, तहसील कार्यालय में एक और नगरपालिका में तीन कार्मिक अनुपस्थित मिले। एसडीएम ने कहा है कि निरीक्षण रिपोर्ट कलेक्टर को भेजी गई है। कारण बताओ नोटिस सभी अनुपस्थितकार्मिकों को भेजकर उनको तय समय में जवाब मांगा गया है।

# औचक निरीक्षण में 35 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित मिले


जिला कलेक्टर के निर्देश पर एडीएम रामरतन सौंकरिया ने विभिन्न सरकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

- एडीएम ने 20 मिनट में 13 सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के निर्देशों पर मंगलवार को जिला मुख्यालय के विभिन्न सरकारी कार्यालय का एडीएम रामरतन सौंकरिया ने औचक निरीक्षण किया गया। सुबह 10 से 10:20 के बीच एडीएम रामरतन सौंकरिया ने 13 सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया, जिसमें 35 अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान जिला आबकारी कार्यालय के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी तारा सिंह, सहायक प्रोग्रामर चंद्रभान, वरिष्ठ सहायक दीपक कुमार योगी, गार्ड रामप्रताप अनुपस्थित मिले। उप पंजीयक कार्यालय झुंझुनू के भू अभिलेख निरीक्षक राजेश अहलूवालिया, सूचना सहायक विजय सिंह जाखड़, वरिष्ठ सहायक विद्याधर महला अनुपस्थित मिले। महिला एवं बाल विकास विभाग की लेखाधिकारी स्वाति डांगी, सहायक आयुक्त वाणिज्य कर कार्यालय झुंझुनूं की कर सहायक लता बाकोलिया, वरिष्ठ सहायक रविंद्र कुमार सैनी, नरेंद्र सिंह, नरेश कुमार मीणा, सुरेंद्र सैनी, कनिष्क सहायक प्रवीण कुमार अनुपस्थित मिले।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय के डॉ. हनुमान प्रसाद, ईश्वर सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी महेंद्र सिंह, कनिष्ठ सहायक जितेंद्र सिंह, ड्राइवर आनंद सिंह अनुपस्थित मिले। वहीं एनआरएचएम कार्यालय के निरीक्षण के दौरान विनय खंडेलवाल, अजय सिंह, प्रमेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, नदीम फारुकी, संविदा कर्मी इम्तियाज अहमद, ऑडियो मैट्रिक सहायक अशोक कुमार शर्मा, डेंटल सहायक बेबी रजनीश, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रवीण सिंह, फार्मासिस्ट रुचि ऐचरा, सहायक कर्मचारी जय सिंह व रवि राठी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित कार्मिकों को नोटिस जारी कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

बार-बार अनुपस्थित कार्मिकों पर सीसीए नियम 17 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप निदेशक आयुर्वेद विभाग, उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, श्रम कल्याण कार्यालय, उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, ब्लॉक बाल विकास अधिकारी, सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग, उपवन संरक्षक कार्यालय व जिला खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण के सभी कार्मिक उपस्थित मिले।

## रात्रि जागरण में झूमे श्रोता

**चूरू**, (का.सं.)। जिला मुख्यालय स्थित धोली सती दादी मंदिर में भादी अमावस्या पर्व पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सोमवार रात्रि को जागरण का आयोजन किया गया।

जिसमें कोलकाता के गायक कलाकार सौरव मधुकर ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज करते हुए धीरे-धीरे दादी अंखियां खोल रही है। जय दादी मां बोलो जय दादी मा, मैं तो कहूं बजा कर ढोल दादी मेरी है। जैसे भजनों की मनमोहन प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। चूरू के गायक कलाकार मेहुल शर्मा व हिमांशु चोटिया ने सहयोग किया। विजेंद्र म्यूजिकल ग्रुप हिसार की पार्टी ने लय ताल एवं संगीत की शानदार प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम में चार चांद लगाए। सातड़ा परिवार द्वारा मंदिर व दरबार की भव्य सजावट की गई। सातड़ा परिवार की और से जगदीश प्रसाद, हरिप्रसाद, विजय कुमार, लालचंद, नवनीत, प्रमोद, राजकुमार, मोंटू, रिंकू ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत कर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर संतोष महनसरिया, धर्मचंद नागवाण, राजू चौबे, राजेंद्र ठठेरा सहित शहर के अनेक महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

### सार-समाचार

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से की शिकायत



**सुजानगढ**, (निसं)। नगरपरिषद में नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच ने जयपुर में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से मुलाकात कर नगरपरिषद में व्याप्त अनियमितताओं की शिकायत कर जांच कमेटी का गठन कर कार्यवाही करने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेशाध्यक्ष को सौंपे पत्र में नगरपरिषद की सीमा से बाहर जाकर विकास कार्य करवा कर राजकोष का दुरूपयोग करने, पट्टों के निर्माण में रसूखदारों के पट्टे बनाने के साथ ही भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया है। पत्र में दोषियों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही करने की मांग की गई है। पत्र में बिना अनुमति के तिरपाल गोदामों के संचालन को सभापति द्वारा मौन स्वीकृति देने का आरोप लगाते हुए सरकार को करोडों रूपये की राजस्व हानि की आशंका जाहिर की गई है।

## राम मन्दिर में भादी अमावस मनाई



**चूरू**, (कासं)। स्थानीय श्री राम मन्दिर में भादी अमावस महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रमोद कुमार, राजेश मण्डावेवाला ने बताया कि सोमवार रात्रि को राम मंदिर में जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम जानकी के दर्शन कर धोक लगाई। मंगलवार को बालाजी की धोक लगाकर महाआरती की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह बनवारीलाल सोती थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण, पदमसिंह राठौड़, विक्रम सिंह कोटवाद, सुरेश सारस्वत, ट्रस्टी विनोद कुमार मण्डावेवाला, जगदीश प्रसाद मण्डावेवाला, रामगोपाल बहड़, पृथ्वीसिंह राठौड़, भगीरथ शर्मा, रामसिंह बीका, पवन बगड़िया, महेन्द्र राजगडिया, विमल सिंह राठौड़, डीसएओ सुरेन्द्र महला, गौरव, अजय, सुनील, नवीन अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल सहित शहर के अनेक महिलाओं व पुरूषों ने महाआरती में भाग लिया। अन्त में सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इसी क्रम में भादौ अमावस्या के उपलक्ष्य में शहर में अनेक कार्यक्रम आयोजित हुये। इस दौरान लोगों ने पवित्र तीर्थ स्थल में स्नान कर दान पुण्य किया।

# फायरिंग के आरोपियों को बाजार में पैदल घुमाया

- सनसिटी हॉटल में फायरिंग का मामला
- पैदल बाजार में घुमाने के बाद कोर्ट में पेश किया

**चूरू**, (कासं)। जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय पैदा करने के ध्येय वाक्य को साकार करने के लिए चूरू की कोतवाली पुलिस ने होटल सनसिटी पर फायरिंग मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों को गढ़ से रामगढ़िया दरवाजा तक पैदल घुमाया।

इस दौरान चारों आरोपी नीची नजर किए लंगड़ाते चल रहे थे। जिन्हें मुख्य बाजार में लोग रुक-रुककर देख रहे थे। चारों आरोपी पुलिस रिमांड पर चल रहे थे। जिन्हें पैदल बाजार में घुमाने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। कोतवाली थानाधिकारी मुकुट बिहारी ने बताया कि आमजन को भयमुक्त करने के लिये अपराधियों को पैदल बाजार में घुमाया गया है। अपराधियों से डरने की आवश्यकता नहीं बल्कि घटना के बारे में समय रहते पुलिस को बताना चाहिए। होटल सनसिटी पर फायरिंग मामले को लेकर उन्होंने बताया कि 17 अगस्त की रात को बाइक पर आए नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था।

इसके बाद पुलिस ने इस वारदात से जुड़े 4 आरोपी सरदारशहर के सवाई डेलाना निवासी गोपी उर्फ गोपीचंद सहारण, गांव महरावणसर निवासी दलीप मोटासरा उर्फ दीपा जाट, गाजुसर निवासी प्रदीप छीपा व बोघेरा निवासी राधेश्याम जांगिड़ को गिरफ्तार किया गया था। इन चारों बदमाशों को कोर्ट में पेश करने से पहले बाजार में पैदल घुमाया गया। उन्होंने बताया कि सरदारशहर के गांव सवाई डेलाना निवासी महेन्द्र सहारण के इशारे पर फायरिंग की इस वारदात को अंजाम दिया गया था।

## वार्डों के विकास के लिए बजट जारी करने की मांग

**सुजानगढ़**, (निसं)। नगरपरिषद में उप नेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारणियां ने स्वायत शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा को ज्ञापन भेज कर सुजानगढ नगरपरिषद में विकास कार्यों के लिए बजट जारी करने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया कि पिछले दस वर्षों से नगरपरिषद में कांग्रेस का बोर्ड है। उन्होंने भाजपा के वार्डों में विकास कार्यों में भेदभाव बरतने का आरोप लगाया है। ज्ञापन में रिछपाल बिजारणियां ने बताया है कि भाजपा सरकार आने के बाद बजट नहीं होने की बात करते हैं। जिससे भाजपा पार्षद उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। ज्ञापन में उप नेता प्रतिपक्ष ने आगामी नगरपरिषद चुनाव को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों के लिए अलग से फंड स्वीकृत करने की मांग की है। ज्ञापन पर पार्षद रामनिवास बुगालिया, पार्षद रेवन्तमल पंवार, पार्षद पूजा दाधीच, पार्षद रतनीदेवी, पार्षद अनुराधा पांडे के हस्ताक्षर है।

# पेयजल समस्या से परेशान लोगों ने प्रदर्शन किया


तीन वार्डों की महिलाओं ने मटके फोड़कर विरोध जताया।

- वार्ड 4, 5 और 6 के वाशिंद समस्या को लेकर जलदाय कार्यलय पहुंचे

**चिड़ावा**, (निसं)। शहर में पेयजल समस्या के चलते लोग परेशान हो रहे हैं। जलदाय विभाग के अधिकारियों को बार बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। इसके चलते लोग काफी दुखी हैं। मंगलवार को परेशान तीन वार्डों के लोग जलदाय कार्यालय पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद महिलाओं ने मटके फोड़कर भी विरोध जताया।

पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश बसवाला के नेतृत्व में लोगों ने जलदाय विभाग के एईएन अशोक पलसानिया, जेईएन आदित्य मिश्रा को जमकर खरी खरी सुनाई।

वार्ड 4, 5 और 6 के वाशिंदों ने बताया कि बार बार ट्यूबवेल की मोटर जल जाती है। इसके अलावा एक नए ट्यूबवेल की मांग भी लंबे समय से की जा रही है।

इस पर अधिकारी ने कहा कि बिजली से जुड़ी समस्या को दिखाकर बार बार मोटर जलने की समस्या का स्थाई समाधान करवाया जाएगा। वहीं नए ट्यूबवेल का प्रस्ताव बनाकर भेजा हुआ है। जल्द ही उसे मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

# घरों में बारिश का पानी घुसने से सामान हुआ खराब

- पानी की निकासी नहीं होने के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन
- मंगलवार को हुई बरसात के कारण कस्बा राजगढ से वार्ड 24 कुबा मस्जिद के पास लूदी को जाने वाला पूरा रास्ता पानी से लबालब हो गया

**सादुलपुर**, (निसं)। मंगलवार को हुई बरसात के चलते पानी निकासी के अभाव में कस्बा राजगढ से वार्ड 24 कुबा मस्जिद के पास लूदी को जाने वाले मुख्य रास्ते पर लोगों के घरों में बरसाती पानी घुस गया। घरों में पानी घुसने के दौरान घरेलू सामान खराब हो गया तथा लोगों को घरों से बाहर निकालना भी दूभर हो गया।

इस वार्ड में नगरपालिका प्रशासन की अनदेखी के कारण पानी निकासी नहीं हो पा रही है। इस संबंध में मोहम्मद रफीक सौलंकी, हाफिज अब्दूल सौलंकी, नवाब बिसायती, अयूब सौलंकी, जमील सौलंकी, रफीक नागोरी आदि ने नगरपालिका एवं प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए बताया कि उनके घरों के सामने गुजर रहा मुख्य रास्ता जो कि लुदी गांव को जोडता है। लेकिन नगरपालिका प्रशासन की अनदेखी के कारण इस रास्ते पर से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिसके चलते करीबन 30-35 घरों के सामने घरों के लोगों को गन्दे व बरसाती पानी एकत्रित रहने के कारण नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड रहा है। मोहम्मद रफीक सौलंकी ने बताया उनके घरों के सामने से वार्ड 24 कुबा मस्जिद से होकर गुजर रहा रास्ता लुदी गांव के लिए जाता है तथा नगरपालिका प्रशासन की अनदेखी के कारण इस रास्ते से पानी निकासी नहीं करवाई जाने के कारण हर समय घरों के सामने गन्दा पानी एकत्रित हो रहा है तथा मंगलवार को हुई बरसात के कारण पूरा रास्ता पानी से लबालब होने कारण उनके घरों में पानी घूस गया तथा घर का सामान खराब हो गया। जबकि अपने बच्चों के लालन-पालन के लिए बाजार जाकर सामान लाने के लिए भी घर से निकलना दुभर हो गया है। इसके साथ-साथ भारी मक्खी मच्छर होने के कारण मौसमी बिमारियां भी फैलने की आशंका बन चूकी है। उन्होंने बताया कि इस संबन्ध में पूर्व में एसडीएम, तहसीलदार, नगरपालिका ईओ सहित वार्ड पार्षद को भी इस समस्या से अवगत करवाया जाकर ज्ञापन दिया जा चूका है, लेकिन उनके कानों पर जूं तक नहीं रैंग रही है, जबकि उनके घरों के लोगों का सुखमय जीवन जीने का सब्र भी टूट चूका है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि पालिका प्रशासन ने इस ओर शीघ्र ध्यान नहीं दिया तो मजबूरन धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पडेगा, जिसकी समस्त प्रकार की जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## किन्नर साध्वी ईश्वरी नंद गिरी का अभिनंदन

**चिड़ावा**, (निसं)। भारत भ्रमण पर निकली उदयपुर की किन्नर संत साध्वी ईश्वरी नंद गिरी महाराज आज दोपहर तीन बजे चिड़ावा आई। उनका स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मंदिर में मेढ क्षित्रय स्वर्णकार सभा की ओर से अभिनंदन किया गया।

समाज अध्यक्ष राजेश भामा के संयोजन में समाज के प्रबुद्ध लोगों ने पुष्प माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ भेंट कर, चुनरी ओढ़ाकर और माता की तस्वीर भेंट कर महाराज का अभिनंदन किया। इस दौरान महाराज ने कहा कि समाज को सही दिशा में चलना होगा। विवाह में फिजूल खर्ची और प्री वेडिंग का दिखावा बंद कर संस्कृति को बचाने की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि विवाह समारोह की फिजूलखर्ची रोककर गौशालाओं में जाकर दान करें। जिससे पुण्य की प्राप्ति हो और जीवन सार्थक हो। महाराज देश भ्रमण पर निकले हैं और वे 2025 में महाकुंभ में पहुंचेंगे। जहां पर उनको महामंडलेश्वर बनाया जाएगा। इससे पहले वे देशभर में धर्म प्रचार प्रसार और देव दर्शन कर विश्व कल्याण की कामना कर रहे हैं।

## थड़ी एवं ठेला मजदूर यूनियन ने क्लेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को रोकने की मांग

**चूरू**, (का.सं.)। चूरू थड़ी एव ठेला मजदूर यूनियन ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर थड़ी एव ठेला धारकों के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सैनी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

दिये गये ज्ञापन में बताया कि नगर परिषद के द्वारा 5 सितम्बर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जायेगी। जिसको रोकने को लेकर आज कलेक्टर से प्रतिनिधिमण्डल मिला और नगर परिषद आयुक्त से मिलकर बात की और कहा कि थडी एव ठेला मजदूर दिनभर मजदूरी करके अपना व अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे है। आपणी योजना से लेकर अम्बेडकर सर्किल तक थी एवं ठेला व्यापारी अपना जीवन यापन कर रहे है। उनकी रोजी रोटी का साधन भी वही थड़ी एव ठेला है। आपनी योजना से लेकर अम्बेडकर सर्किल तक जो पक्की दुकान है उनको 15 फिट तक टैनशैड लगाने व थडी एव ठेला का एक निश्चित स्थान तय करें। जिससे किसी गरीब कि रोजी रोटी पर संकट ना आये। इस पर जिला कलेक्टर व आयुक्त ने आश्वासन दिया है कि अतिक्रमण कि कार्यवाही के दोरान किसी भी गरीब को नुकसान नहीं पहुंचाया जायेगा। इस अवसर पर धर्मेन्द्र राकसिया, संजय सैनी, शोभा, सांवरमल सैनी, दीपू शर्मा, हनुमान, देवानन्द, पवन, श्यामलाल, पवन सैनी, गिरधारीलाल, बजरंग, पंकज, मुकेश, तेजपाल, हेतराम, श्रीप्रकाश, जगदीश, राकेश, महेश सहित सभी थड़ी एव ठेला धारक व व्यापारी मौजूद थे।

वहीं दूसरी ओर पंखा सर्किल से लेकर आपणी योजना तक बड़े दुकानदार जिनकी पक्की दुकानें है उन्होंने कई फीट तक टीन शेड लगाकर अतिक्रमण कर रखा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन टीन शेड के आगे लगने वाले ठेले वालों से भी किराये के रूप में वसूली करते हैं। उन लोगों में खोप दिख रहा है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही से भी आशंकित हैं कि उनको नुकसान होगा। जबकि मूल रुप से दुकान तक वे आज तक सीमित नहीं रहे।

## सदस्यता अभियान पर चर्चा की

**सुजानगढ़**, (नि.स.) राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम की बैठक प्राचार्य महमूद हसन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में शिक्षा व सदस्यता अभियान पर चर्चा की गई। बैठक में प्रांतीय प्रतिनिधि महावीर प्रजापत ने सरकार पर कर्मचारी विरोधी निर्णय लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में शिक्षा जागृति यात्रा के माध्यम से प्रत्येक जिले में शिक्षकों को 25 सूत्री मांगों को लेकर जागृत किया गया है तथा आगामी 12 सितम्बर को जयपुर में प्रदेश स्तरीय रैली का आयोजन किया जायेगा। बैठक में गत सत्र की गतिविधियों की समीक्षा करने के साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान महावीर प्रजापत, पूसाराम स्वामी, हनुमान स्वामी, संतोष स्वामी, बालचंद प्रजापत, प्रतापसिंह राठौड, गोविन्द घोडेला, सुबोध भास्कर, चैनप्रकाश प्रजापत, रोहिताश्व जाखड, रामलाल कासोटिया सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य विष्णु कुमार पुत्र गुरूबक्स जाति मेहतर निवासी वार्ड नं. 9 मण्डावा तहसील मण्डावा जिला झुंझुनू की हस्व हिदायत अनुसार मेरे मुवक्किल की पुत्री कुमकुम झाझोट है जो कि मेरे मुवक्किल के कहने सुनने में नहीं है व आवारा लोगों के सम्पर्क में है। यह कि मेरे मुवक्किल ने अपनी पुत्री कुमकुम झाझोट को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज के बाद उसके साथ कोई किसी भी प्रकार का व्यवहार व लेनदेन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा मेरे मुवक्किल व परिवार की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
मुकर्रम अंसारी, एडवोकेट, मो.-9413221014

**नाम परिवर्तन**
मैं मोहम्मद मुस्लिम पुत्र बरकत अली तेली,चमन बास वार्ड 12 नया 17 चूरू, पिन कोड 331001 चूरू राजस्थान के पासपोर्ट नं. J2111716 में मेरा नाम MOHAMMED MUSALIM दर्ज है, जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम MOHAMMED MUSLIM है। MOHAMMED MUSALIM और MOHAMMED MUSLIM दोनों मेरे ही नाम है।

**सार्वजनिक सूचना**
मैं उदाराम पुत्र हीराराम जाति जाट निवासी रामसीसर भेड़वालिया तहसील सरदारशहर जिला चूरू का निवासी हूं। मेरा एक भाई शीशपाल पुत्र हीराराम जाति जाट निवासी रामसीसर भेड़वालिया तहसील सरदारशहर जिला चूरू है, जो कि आदतन अपराधी और आवारा किस्म का है। जिसके विरूद्ध काफी आपराधिक मुकदमें है। शीशपाल के आपराधिक आचरण के चलते मैंने व मेरे परिवार ने शीशपाल के साथ सारे रिश्ते व संबंध तोड़ दिये थे। मेरा व मेरे परिवार का शीशपाल के साथ कोई लेना-देना व संबंध सरोकार नहीं है। मेरे व मेरे परिवार की रिहायशी शीशपाल से अलग है। मेरे घर शीशपाल का ना तो आना-जाना है और ना ही कोई संबंध इत्यादि है। इसलिये यदि कोई भी व्यक्ति शीशपाल के साथ कोई लेन-देन अथवा कोई भी संबंध इत्यादि रखता है, तो उसकी मेरी व मेरे परिवार वालों की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी। वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा।
दिनांक 02.09.2024
घोषणाकर्ता
उदाराम पुत्र हीराराम जाति जाट निवासी रामसीसर भेड़वालिया, तहसील सरदारशहर जिला चूरू

**आम सूचना**
मैं ओम प्रकाश स्वामी पुत्र स्व. रामेश्वर लाल स्वामी, आयु 64 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 20, जयपुर रोड, किसान घाट के पास, चूरू जिला चूरू (राज.) घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र सुरेन्द्र कुमार स्वामी (आयु 31 वर्ष) मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य व रिश्तेदारों के कहने में नहीं है। अपनी मन मर्जी के अनुसार कार्य करता है। अब मैं मेरी स्वतंत्र ईच्छा से मेरे पुत्र सुरेन्द्र कुमार स्वामी को मेरी समस्त चल, अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरे पुत्र सुरेन्द्र कुमार स्वामी का मेरे व मेरे परिवार व रिश्तेदारों के साथ किसी प्रकार का कोई रिश्ता संबंध नहीं रहा है। भविष्य में कोई भी व्यक्ति सुरेन्द्र कुमार स्वामी से किसी भी प्रकार का व्यवहार, चल अचल सम्पति एवं नगद राशि का लेन-देन करता है या रखता है तो यह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। मेरी या मेरी परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
दिनांक- 03.09.2024
मार्फत : पुष्पवन स्वामी, एडवोकेट चूरू (राज.) मो.- 9887735071

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिनेश उर्फ दिनू, पुत्रः** लक्ष्मी, **पताः** आरजेडए-43, गली नंबर 3, विजय एन्क्लेव, द्वारकापुरी, दिल्ली; अन्य पताः ग्राम – राजगढ़ छोटा, चैनपुरा, जिला– चुरू, राजस्थान ने मुकदमा **FIR No. 671/19, U/s 33/38/58 Ex. Act, थानाः नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश उर्फ दिनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश उर्फ दिनू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 671/19, U/s 33/38/58 Ex. Act, थानाः नांगलोई, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दिनेश उर्फ दिनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.11.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री चारु आसीवाल
जेएमएफसी–05, पश्चिम
कमरा नं. 336ए, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/11512/OD/2024
(Court Matter)

## एसपी ने मंडावा थाने का निरीक्षण किया

**झुंझुनूं**, (निसं)। झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी ने मंडावा थाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना रिकॉर्ड, कम्प्यूटर कक्ष, मालखाना, थाना परिसर, वायरलैस कक्ष आदि का निरीक्षण किया तथा थाने में दर्ज मामलों की जांच, अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा और पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया।

एसपी ने थानाधिकारी को लंबित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।एसपी ने पुलिस कार्मिकों को निर्देश दिए कि वे कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करें और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। एसपी शरद चौधरी ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है और उन्हें सदैव जनता के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। एसपी ने राजकार्य के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल महिला कांस्टेबल पूनम के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेते हुए आश्वासन दिया कि विभाग उनकी हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। आपको बता दें की 11 जुलाई को राजकार्य के दौरान सड़क दुर्घटना में महिला कांस्टेबल घायल हो गई थी।

# शौर्य चक्र प्राप्त विकास जाखड़ से मारपीट मामले से पूर्व सैनिकों में आक्रोश


पूर्व सैनिकों के विभिन्न संगठनों ने झुंझुनूं में प्रदर्शन किया।

- पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली

**झुंझुनूं**, (निसं)। जयपुर में आदर्श नगर विधायक रफीक खान के आवास के बाहर शौर्य चक्र प्राप्त विकास जाखड़ के साथ हुई घटना को लेकर पूर्व सैनिकों के विभिन्न संगठनों ने झुंझुनूं में प्रदर्शन किया।

पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। उसके बाद सीएम के नाम ज्ञापन देकर शौर्य चक्र विजेता पर लगाई धारा हटाने, सम्मानपूर्वक रिहा करने और मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। पूर्व सैनिकों ने बताया कि पूर्व सैनिक के साथ कांग्रेस विधायक समर्थकों द्वारा मारपीट करना शर्मनाक घटना है। शौर्य चक्र प्राप्त विकास जाखड़ अपनी पत्नी के साथ हुए अभद्र व्यवहार की शिकायत लेकर आदर्श नगर विधायक के पास फरियाद लेकर गए थे। लेकिन विधायक, सैनिक की फरियाद सुनने की वजह अपने कार्यकर्ताओं से पिटाई करवाते हैं। ऐसा कृत्य एक जनप्रतिनिधि के लिए बड़े शर्म की बात है।

एक सैनिक के साथ इतना कुछ होने के बाद भी सरकार ने इस मामले में कोई कदम नहीं उठाया। सैनिक को अवैध रूप से हिरासत में रखा है, यह राजस्थान की वीर धरा झुंझुनूं के समस्त सैनिक समाज को आहत करने की घटना है। इससे पूर्व सैनिकां में आक्रोश है। पूर्व सैनिकों ने कहा कि अगर मामले में जल्द से जल्द संज्ञान नहीं लिया गया तो पूर्व सैनिक संगठनों की ओर आंदोलन किया जाएगा।

इधर, पूर्व सैनिकों ने पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर भी आक्रोश जाहिर किया और कहा कि एक सैनिक को लेकर बिना कोई सोचे-समझे डोटासरा द्वारा की गई टिप्पणी गलत है। डोटासरा कभी कहीं, तो कभी कहीं जाकर मोरिया बुलाने की बात कहते हैं। यदि उन्होंने माफी नहीं मांगी तो ये पूर्व सैनिक जरूर उनका मोरिया बुला देंगे।

## रमेशचन्द्र कालीरावणा सम्मानित होंगे

**सादुलपुर**, (निसं)। कॉस्मिक स्कूल राजगढ के निदेशक रमेशचन्द्र कालीरावणा राष्ट्रीय शिक्षक गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित होंगे। मुख्य सलाहकार कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट ईस्ट वेस्ट लॉ फर्म काठमांडू नेपाल ने बताया कि शिक्षा, समाज सेवा, सांस्कृतिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर रमेशचंद्र कालीरावणा निदेशक कॉस्मिक चिल्ड्रेन एकेडमी सी. सै. स्कूल राजगढ का कर्म स्थली से विकास तक सेवा कार्य का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर राष्ट्रीय शिक्षक गौरव रत्न अवार्ड के लिए चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि कालीरावणा को उक्त अवार्ड अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर 8 सितबर को नई दिल्ली स्थित कृष्णन मेनन भवन सभागार में महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल (मुख्य अतिथि) के कर कमलों द्वारा चयनित प्रतिभा रमेशचन्द्र कालीरावणा का राष्ट्रीय शिक्षक गौरव रत्न अवार्ड में नेपाल राष्ट्र की टोपी, अभिनन्दन-पत्र, मैडल, शॉल, स्मृति चिह्न व भारत का राष्ट्र ध्वज मंच पर प्रदान कर संघ गौरव की अनुभूति करेगा।

## स्वास्थ्य कर्मी घर-घर कर रहे सर्वे

**सीकर**, (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से मौसमी बीमारियों की रोकथाम संबंधी गतिविधियां व्यापक स्तर पर की जा रही हैं। बरसात के मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा गांव, ढाणी व कस्बों में सर्वे किया जा रहा है। वहीं बुखार से पीडित रोगियों की रक्त स्लाइड ली जा रही हैं।

विभाग की ओर से सोमवार से शुरू किए गए स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान के द्वितीय चरण के तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर घर सर्वे किया जा रहा है। वहीं एंटीलार्वल गतिविधियां की जा रही हैं। सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान के द्वितीय चरण के तहत स्थानीय निकाय, नागरिक सुरक्षा, आयुर्वेद विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण, शहरी विकास विभाग आदि विभागों के साथ समन्वयक कर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा हैं। द्वितीय चरण के तहत सभी विभागों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है। डिप्टी सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया ने बताया कि अभियान के तहत आशा, एएनएम, सीएचओ आदि स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा की जा रही गतिविधियों की ब्लॉक व जिला स्तर से मॉनिटरिंग भी की जा रही है। इसके तहत जिला स्तर की टीम ने मंगलवार को ब्लॉक खंडेला में सीएचसी जाजोद, पीएचसी गोविंदपुरा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुंदेरपुरा, उदयपुरा, पटवारी का बास का निरीक्षण किया।

# सड़क निर्माण में अनियमितता का ग्रामीणों ने विरोध जताया

**खेतड़ी**, (निसं)। खेतड़ी कस्बे में सीवरेज ठेका कंपनी की ओर से बनाई जा रही सड़क में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को विरोध जताया है। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क का निर्माण कार्य बंद करवा कर नियमानुसार सही सड़क बनाने की मांग की है।

विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि कस्बे के वार्ड आठ में सीवरेज ठेका कंपनी की ओर से सीवरेज व

**■ नाराज ग्रामीणों ने बंद करवाया सड़क का निर्माण कार्य**

पेयजल लाइन डालने के लिए पूर्व में बनी सड़क को तोड़ दिया गया था। अब लाइन डालने के बाद सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। ठेका कंपनी की ओर से पूर्व में तोड़ी गई सड़क के मलबे को आम रास्ते से नहीं हटाकर उसके ऊपर ही सड़क डालने का कार्य किया जा रहा है। सड़क से मलबा नहीं हटाने से सड़क पूर्व में बनी सड़क से काफी ऊंची हो गई। जिसकी सूचना पर आसपास के ग्रामीण व व्यापारी एकत्रित हो गए तथा पूर्व में बनी सड़क का मलबा हटाकर नयी सड़क बनाने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा नाराजगी जताते हुए सड़क का निर्माण कार्य बंद करवा दिया गया।



**खेतड़ी कस्बे में सीवरेज ठेका कंपनी की ओर से बनाई जा रही सड़क में अनियमितता का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने कार्य बंद कराया।**

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में बनी सड़क से यदि ऊंची सड़क बनाई जाएगी तो ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। बरसात के समय पहाड़ी का पानी इसी सड़क से होकर आगे जाता है। यदि सड़क की उंचाई अधिक होने से बरसात का पानी मकानों व दुकानों में घुस जाएगा तथा कोई बड़ी घटना भी घटित हो सकती है।

ग्रामीणों के विरोध व सड़क का निर्माण कार्य बंद करवा देने की सूचना पर ठेका कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों से वार्ता कर नियमानुसार सड़क का निर्माण करवाने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि यदि पूर्व में बनी सड़क का मलबा हटाकर नयी सड़क नहीं बनाई गई तो सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर कैलाश स्वामी, सत्यनारायण भार्गव, अमित पंसारी, प्रेम हलवाई, कमलेश कुमार, विनोद सोनी, सुमित मोदी, पवन शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## पोषण अभियान जागरूकता रैली निकाली

**हनुमानगढ़**, (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग हनुमानगढ़ की ओर से सोमवार को राष्ट्रीय पोषण माह का आगाज हुआ। जिला कलेक्टर काना राम ने कलेक्ट्रेट परिसर से पोषण अभियान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लाल चौक तक रैली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशाओं ने पोषण संबंधित 'गांव-गांव, गली-गली, सुपोषण की लहर चली', 'जन-जन ने ठाना है, कुपोषण जड़ से मिटाना है', अपने बच्चे को खूब दें प्यार, मगर खिलाए घर का पोष्टिक आहार' जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर पोषण थीम पर बनाई रंगोली का अवलोकन जिला कलक्टर ने अवलोकन किया। उन्होंने पोषण माह की समस्त गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा। विभाग उपनिदेशक प्रवेश कुमार सोलंकी ने बताया कि सितम्बर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। इसमें मुख्यत: 6 थीम एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढाई भी, बेहतर शासन के लिए तकनीकी उपाय, पर्यावरण संरक्षण पर विभाग कार्य करेगा। इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर दैनिक गतिविधि आयोजित की जाएगी। सोलंकी ने बताया कि भोजन में बाजरा, मूंग, मोठ और मोटे अनाज का प्रयोग किया जाना चाहिए, यह स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है।

## सार-समाचार

### महापुरुषों के नाम चौक निर्माण की मांग





**नोहर**, (निसं)। शहर में रातों-रात अधिकृत रूप से हो रहे महापुरुषों के चौक निर्माण को लेकर अब अन्य समाज के लोगों ने अपने समाज के महापुरुषों के नाम पर चौक निर्माण कर मूर्ति लगाने की अनुमति देने की मांग उठानी शुरू कर दी है। इस संबंध में उप-खण्ड अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार को दिए गए ज्ञापनों में बताया गया कि या तो उन्हें चौक निर्माण की स्वीकृति दी जावे अन्यथा अनाधिकृत रूप से चौक निर्माण करने वालों पर कार्रवाई अमल में लाई जावे। इसी कड़ी में मंगलवार को राजपूत समाज व आचार्य (महाब्राह्मण) समाज कि ओर से एसडीएम को ज्ञापन देकर उनके समाज के महापुरुषों के नाम से चौक बनाने की स्वीकृति देने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि अगर प्रशासन इस संबंध में स्वीकृत नहीं देता है तो उनको मजबूरन रातों-रात मूर्ति लगाकर चौक बनाने की परिपाटी में शामिल होना पड़ेगा। इस अवसर पर सर्व समाज के हरीश आचार्य, अजय मोची, संजय कंकर, मुकेश शर्मा, इमरान कायमखानी, गोविंद आचार्य, केशव सौलंकी, विक्रम सिंह, राकेश भारती, राजपाल सोलंकी, सुभाष आचार्य आदि शामिल रहे।

### विशाल भंडारे में प्रसादी बांटी



**झुंझुनूं**, (निसं)। श्री राणी सती रोड पर प्रकाश पान पैलेस के सामने स्थित नोहरे में श्री लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा भाद्रपद अमावस्या श्री राणी सती जी की वार्षिक पूजा के अवसर पर मंगलवार को सुबह नौ से रात 10 बजे तक विशाल भंडारा प्रसाद का शुभारंभ बगड़ दादूद्वारा के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी अर्जुनदास महाराज के पावन सानिध्य में मंदिर ट्रस्टीज सहित स्थानीय मंदिर ट्रस्ट कार्यकारिणी सदस्य एवं अन्य गणमान्य जन की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं सचिव राजकुमार अग्रवाल, ट्रस्टी एवं कोषाध्यक्ष राधेश्याम ढंढारिया, ट्रस्टी सुरेश चंद्र पंसारी, ट्रस्टी कृपाशंकर मोदी मुंबई, ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई, मंदिर ट्रस्ट कार्यकारिणी के प्रदीप जालान सूरत, प्रमोद अग्रवाल एवं नरेश अग्रवाल जयपुर, अरुण जालान, ताराचंद गुप्ता, पवन गाडिया, श्रीगोपाल हलवाई, डॉ. डीएन तुलस्यान, डॉ. एसएन शुक्ला, भवानीशंकर जगनानी, श्रीकांत पंसारी, राकेश तुलस्यान, नितिन नारनौली, रुपेश तुलस्यान, श्रीहरि पंसारी, नवीन केडिया, अंजनी जालान, अनूप गाडिया, गोविंद जालान, नवीन जालान, संत कुमार ढंढारिया, कैलाशचंद्र अग्रवाल, सुमित क्यामसरिया, उमाशंकर महमिया, शिवचरण पुरोहित, गुड्डू पुरोहित, पवन शर्मा टाइपिस्ट, सुभाष जालान, आशीष तुलस्यान, अशोक तुलस्यान एवं प्रमोद खंडेलिया सहित अन्य शिव भक्तो का सेवा कार्य में सहयोग रहा।

### पांच दिवसीय गणेश महोत्सव प्रारंभ

**सीकर**, (निसं)। फतेहपुरी गेट के पास स्थित सिद्ध पीठ श्री विजय गणेश मंदिर में मंगलवार से पांच दिवसीय गणेश महोत्सव की शुरुआत हुई। विद्वान पंडितों के सानिध्य में 108 किलो दूध से भगवान गणेश का दुग्धाभिषेक किया गया। मंदिर के महंत सीताराम पुजारी ने बताया कि बुधवार को भगवान गणेश को नई पोशाक धारण कराई जाएगी एवं मंदिर को विशेष व आकर्षक सजाया जाएगा। गुरुवार को प्रात: 11:15 बजे से 1008 लड्डुओं का भोग लगवाया जाएगा। शुक्रवार को सायं 7:15 बजे भगवान गणेश का सिंजारा मनाया जाएगा इस मौके पर मेहंदी लगाई जाएगी और छप्पन भोग लगाकर आरती की जाएगी। मुख्य आयोजन शनिवार को गणेश चतुर्थी पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर दोपहर 12-05 पर जन्मोत्सव महाआरती होगी गुड़धानी व मोदक का भोग लगाया जाएगा, डंके चढाये जाएंगे। पूरे दिवस भक्तों का मेला भरेगा। सायंकाल 4:15 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### केशवानन्द का जेट एग्रीकल्चर में दबदबा

**सीकर**, (निसं)। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह भढाडर सीकर के 35 विद्यार्थियों का जेट की प्रथम काउंसलिंग में ही राजकीय कॉलेजों में चयन हुआ। जानकारी देते हुए सीईओ प्रमोद भारद्वाज ने बताया कि जेट एग्रीकल्चर की प्रथम काउसंलिग में केशवानन्द के 35 विद्यार्थियों को चयन राजकीय कॉलेजों में किया गया जो कि संस्थान के लिए बहुत ही गर्व की बात है। साथ ही सीयूईटी में 68वीं रैंक के साथ संस्थान के हरिमोहन मीणा का चयन बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में हुआ है। इस अवसर पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, सीबीएसई प्रधानाचार्य शांति प्रसाद नेगी, आरबीएसई प्रधानाचार्य विजेन्द्र सिंह ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी।

# 'बॉर्डर इलाकों में जल्द शुरू होंगे विशेष नाके'

**झुंझुनूं**, (निसं)। राजस्थान पुलिस के एडीजी व सीनियर आईपीएस विपिन पांडे मंगलवार को एक दिन के झुंझुनूं दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने झुंझुनूं ग्रामीण डीएसपी कार्यालय में स्थित मोरारका सभागार में जिले के पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा सखियों के साथ बैठक की।

बैठक में सीकर रेंज आईजी सत्येंद्र सिंह तथा एसपी शरद चौधरी समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर एडीजी विपिन पांडे ने कहा कि हरियाणा में चुनाव है। इसे लेकर सीकर रेंज पुलिस जल्द ही एक्शन मोड पर आने वाली है। बॉर्डर इलाकों में अतिरिक्त नाके लगाने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। जल्द ही नाके लगाकर सतर्कता बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों ने आपस में बदमाशों और वारंटियों की सूची भी आदान प्रदान कर ली है। जिन पर नजर रखी जा रही है।

**■ एडीजी विपिन कुमार पांडे ने मोरारका सभागार में ली पुलिस अधिकारियों की बैठक**

उन्होंने कहा कि निर्भया स्कवायड को और ताकतवर व प्रभावशाली बनाने के लिए सरकार स्तर पर सोचा जा रहा है। ताकि निर्भया स्क्वायड 24 घंटे महिला सुरक्षा के लिए तैनात मिले। उन्होंने वर्तमान की निर्भया स्कवायड टीम से कहा कि वे सिर्फ दिन में नहीं। बल्कि अल सुबह मंदिर जाने वाली महिलाओं और रात के समय भी गश्त करें। ताकि महिला सुरक्षा का जो संकल्प है वो पूरा किया जा सके। इस मौके पर उन्होंने कहा पेंडिंग मामलों के निस्तारण और जिले की अपराध की स्थिति की भी समीक्षा की।

## गणेश चतुर्थी महोत्सव आज से

**रतनगढ़**, (निसं)। स्थानीय सब्जी मंडी के पास स्थित श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में बुधवार से गणेश चतुर्थी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर पुजारी अणतराम काछवाल ने बताया कि गणेश चतुर्थी महोत्सव के अंतर्गत 4 सितम्बर बुधवार को रुद्राभिषेक, 5 सितम्बर गुरुवार को प्रात: दुग्ध अभिषेक, 6 सितंबर शुक्रवार को प्रात: सिद्धिविनायक का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा तथा 7 सितंबर शनिवार गणेश चतुर्थी को प्रात:सहस्त्रार्चन, दोपहर गणेश जन्म उत्सव आरती तथा सांय 5:30 बजे से गणेश भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के पश्चात रात्रि विराट भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायकार गंगानाथ महाराज रतनगढ़ द्वारा मनभावक भजनों की प्रस्तुति देंगे। महोत्सव तैयारियों को कृष्णकांते, राधाकृष्ण, दिनेश, पंकज पीपलवा, आकाश, लक्ष्मण सहित आयोजन समिति के अनेक कार्यकर्ता तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए है।

# काना पहाड़ी में खनन कार्य का जताया विरोध

**झुंझुनूं**, (निसं)। शहर की काना पहाड़ी में खनन कार्य को बंद करवाने की मांग को लेकर स्थानीय निवासियों ने कलेक्ट्रेट पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। कलेक्टर को ज्ञापन देकर खनन कार्य पर रोक लगाने की मांग की।

लोगों ने बताया कि यह लीज बरसों

**■ स्थानीय निवासियों ने कलेक्ट्रेट पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया**

से बंद है। कोर्ट ने ब्लास्टिंग पर रोक लगाई हुई है। ब्लास्टिंग से हुए गहरे गड्डों से कई हादसे हो चुके हैं। लेकिन अब लीजधारक फिर से यहां खनन का प्रयास कर रहे हैं। पत्थरों को उठा कर ले जा है। ट्रक लगे हुए हैं, जो रात दिन पत्थर उठा रहे हैं। चारों तरफ तारबंदी का



**काना पहाड़ी में खनन कार्य को बंद करवाने की मांग को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया।**

प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहाड़ी के पास घनी आबादी है। खनन कार्य से कभी भी जनहानि हो सकती है।

# न्यू कोर्ट भवन के अतिक्रमण को हटाने के आदेश

**सादुलपुर**, (निसं)। गत एक सप्ताह से भी अधिक समय से न्यायालय की भूमि राजगढ़ से अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर चल रहे अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन, कार्य बहिष्कार व दो दिनों से दो-दो अधिवक्ताओं की आंशिक भूख हड़ताल को गंभीरता से लेकर जिला कलेक्टर ने अतिक्रमण को हटाने के आदेश दे दिया है। बुधवार 04 सितम्बर को प्रशासन दलबल के साथ अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करेगा।

इस संबंध में उपखंड अधिकारी राजगढ सुशील कुमार सैनी ने बताया कि मामले को लेकर गत 15 दिनों से लगातार अतिकर्मियों से वार्ता की जा रही है। समाज के प्रमुख लोगों को प्रतिनिधि के रुप अतिकर्मियों के पास भिजवाकर वार्ता की है। एडीएम सुजानगढ़ ने भी रूबरू होकर वार्ता की, लेकिन वार्ता के दौरान प्रशासन की बात से सहमत हो जाते हैं और अगले दिन बदल जाते हैं।

इसके अलावा पुनर्वास के लिए भामाशाहों से जमीन प्राप्त करने तथा राजेंद्र उर्सुला जोशी की ओर से बनाए गए मकान आवंटित करने संबंधी भी प्रशासन ने सम्बंधित को पत्र लिखने के साथ-साथ वार्ता की। पुनर्वास के लिए भी पूरा प्रयास है। वहीं अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन के कारण जिले भर के अधिवक्ताओं ने मांग का समर्थन कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

तथा न्यायपालिका, जिला प्रशासन मामले लेकर गंभीर है क्योंकि अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर रखा है, जिसके कारण न्यायपालिका के कार्य 15 दिनों से बाधित हो रहे हैं। ऐसी स्थित में अतिक्रमण को हटाने के लिए जिला कलेक्टर ने आदेश जारी कर दिए हैं तथा बुधवार 04 सितम्बर को न्यायालय भवन के उत्तरी दिशा में हो रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्वाई की जाएगी।

गौरतलब है कि अधिवक्ताओं के द्वारा अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर चल रहे बार संघ राजगढ का धरना प्रदर्शन व कार्यबहिष्कार के बाद शुरू किये गये आंशिक भूख हडताल के दूसरे दिन विक्रमपाल जांगिड एडवोकेट व तेजपाल पूनियां मंगलवार को आंशिक भूख हडताल पर बैठे।

## तीन ई-मित्रों पर लगाया जुर्माना

**झुंझुनूं**, (निसं)। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग ब्लॉक कार्यालय सिंघाना द्वारा ई-गवर्नेन्स की बेहतर सुविधा देने के लिए ई-मित्र कियोस्कों पर पाई जाने वाली कमियों को दूर करने के लिए माह अगस्त 2024 में ब्लॉक में संचालित ई-मित्रों की त्रैमासिक जांच अथवा अधिक वसूली की जांच के लिए टीम बनाकर कुल 16 कियोस्कों के औचक निरीक्षण किए गए। ब्लॉक प्रोग्रामर विजेंद्र कुमार ने बताया कि निरीक्षण में तीन कियोस्कों पर अनियमितता पाई गई। जिसमें अक्षिता ई-मित्र माकड़ों पर रेट लिस्ट, श्याम ई-मित्र ढाणा पर कॉ-ब्रांडेड बैनर व आईडी कार्ड तथा पूनियां ई-मित्र, ढाणा पर आईडी कार्ड की अनियमितता पाई गई। इस पर उक्त तीनों ई-मित्रों को मौके पर ही नोटिस जारी किया गया तथा ऑनलाइन पेनल्टी लगाई गई। जांच दल मे सुनिल व ललित कुमार सूचना सहायक भी शामिल रहे।

# मूर्ति स्थापना के साथ गणेश जन्मोत्सव आज से

**बीदासर**, (निसं)। कस्बे की धार्मिक संस्था गणेश जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में एसबीआई बैंक के सामने पुराने गणेश मंदिर में बुधवार से होने वाले पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति के कार्यकर्ता दिनभर जुटे रहे।

समिति के अध्यक्ष दीनदयाल शर्मा ने बताया कि गणेश जन्मोत्सव के उपलक्ष में 4 से 8 सितंबर तक गणेश जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 4 सितंबर को गणेश मूर्ति स्थापना से पूर्व कस्बे के बीदासर गौशाला स्थित राधाकृष्ण मंदिर से गाजे बाजे व मनमोहक झांकियों और 2100 कलश यात्रा के साथ कस्बे के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली जाएगी। अग्रसेन के नोहरे में 11.15 बजे मूर्ति स्थापना व दोपहर में 1 बजे से 4 बजे तक तीन दिवसीय नानी बाई मायरो की कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नोखा की कथावाचक मोनिका पारीक मायरें की कथा का रसपान करवायेगी। 6 सितंबर की रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ व 7 सितंबर की रात्रि में जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिनादेसर दलीप राणा एण्ड पार्टी के भंजन गायकार भंजनों की प्रस्तुतियां देंगे। 8 सितंबर को विशाल जुलूस के साथ कस्बे के माणकसर तालाब में मूर्ति विसर्जन के कार्यक्रम होंगे। गणेश जन्मोत्सव को लेकर समिति के अध्यक्ष दीनदयाल शर्मा, सुरेंद्र टाँटिया, मनोज पंसारी, लक्ष्मीपत माली, प्रेमरतन सोनी, संजय, रवि मोदी, जगदीश दर्जी, प्रभुदयाल शर्मा, सत्यनारायण, रामसिंह दर्जी सहित समिति के अनेक कार्यकर्ता दिनभर तैयारियों में जुटे रहे।

# मेडिकल बायोवेस्ट प्लांट को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी

**झुंझुनूं**, (निसं)। झुंझुनूं में प्रस्तावित मेडिकल बायो वेस्ट प्लांट का विरोध लगातार जारी है। मंगलवार को शहरवासियों ने एक बार फिर प्रदर्शन किया और नगर परिषद का गेट बंद करते हुए धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की।

इस मौके पर डीवाईएफआई के महिपाल पूनियां तथा मदरसा बोर्ड के जिलाध्यक्ष इमरान बड़गुर्जर ने बताया कि

**■ शहरवासियों ने नगर परिषद का गेट बंद कर दिया धरना**

2015 में नगर परिषद ने नियमों को ताक पर रखकर इंस्टो मेडिकल बायोवेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड को बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण का टैंडर दिया था। लेकिन इस कंपनी ने बायो वेस्ट को निस्तारित करने की बजाय मोडा पहाड़ में बायो वेस्ट डाला और जमकर पैसा उठाया। यही नहीं इस बायो वेस्ट के कारण मोडा पहाड़ में बीमारियों ने घर कर लिया है। जिसके कारण आए दिन लोगों की मौत हो रही है। कंपनी ने झुंझुनूं में कहा कि





**झुंझुनूं में प्रस्तावित मेडिकल बायो वेस्ट प्लांट के विरोध में शहरवासी नगर परिषद का गेट बंद कर धरने पर बैठ गए।**

उनका प्लांट चूरू में लगा है। जहां बायो वेस्ट का निस्तारण कर रहे है। वहीं चूरू में ठेका लेकर कहा कि उनका प्लांट झुंझुनूं में लगा हुआ है जहां निस्तारण कर रहे है। असल में दोनों ही जगह का बायो वेस्ट वहीं का वहीं नियमों को ताक पर रखकर फेंक दिया। करोड़ों रूपयों का हेरफेर कर अब कंपनी झुंझुनूं में नियमों को ताक पर रखकर प्लांट लगाना चाह रही है। जिसे वे लगने नहीं देंगे। शहरवासियों ने मांग की है कि इस कंपनी को ब्लेक लिस्टेड करके अब तक इसे जो भी सरकारी पैसा दिया गया है। उसकी रिकवरी की जाए। मोडा पहाड़ में जो मौतें हुई है उनकी जांच की जाए।

## पीएम स्वनिधि योजना के तहत शिविर लगाया

**तारानगर**, (निसं)। तारानगर नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को नगरपालिका में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना पी.एम. स्वनिधि योजना के तहत कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें सी.ओ. दिनेश दायमा ने योजना के फायदों के बारे में बताया। सीओ दायमा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा स्ट्रीट वेन्डरों के उत्थान हेतू प्रधान मंत्री स्वनिधि योजना की शुरूआत कर रखी है, जिसमें स्ट्रीट वेन्डर्स को अपने उद्योग, धंधे को बढ़ावा देने हेतू, बैंक द्वारा 10 हज़ार रूपये से लेकर 50 हज़ार रूपये तक के तीन आसान चरणों में बैंक द्वारा लोन की सुविधा प्रदान की जाती है। कैम्प के दौरान अधिशाषी अधिकारी अजय प्रतापसिंह ने बताया कि उक्त योजना की पहुंच बढ़ाने हेतू नगरपालिका द्वारा होर्डिंग्स, फ्लैक्स, बैनर व ऑडियो के माध्यम से समय-समय पर प्रसार-प्रसार करवाकर रेहड़ी, ठेला, चालकों व जूते चप्पल पोलिस करने वालों इत्यादी का पंजीकरण करवाकर उक्त योजना से लाभांवित करवाया गया है, वर्तमान में भी उक्त योजना में सरकार द्वारा प्राप्त लक्ष्यों से दोगुने आवेदन दर्ज करवा रखे हैं।

# भाजपा नेता बबलू चौधरी का नागरिक अभिनंदन

**झुंझुनूं**, (निसं)। ग्राम पंचायत प्रतापपुरा के समसपुर गांव में मंगलवार को भाजपा नेता बबलू निषित चौधरी का नागरिक अभिनंदन किया गया। पंचदेव मंदिर से समसपुर तक बाइक रैली से उनकी अगुवाई की गई। बबलू चौधरी के प्रयासों से पंचायत में 4 सड़कों के लिए बजट पास हुआ। इसके लिए ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर चौधरी का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर भाजपा नेता बबलू चौधरी ने समसपुर में मुख्य सड़क

**■ अभिनंदन समारोह में दो और सड़कों की घोषणा की**

(सीसी रोड) और मेडिकल कॉलेज से शिवालय होते हुए अंडर पास तक डामर सड़क बनवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैं भले ही चुनाव हार गया, लेकिन मैंने हौसले के साथ विकास कार्य किए। भाजपा के इस शासन में आपको और भी कई सौगातें मिलेंगी। इस दौरान शिक्षाविद् हरिश चाहर, झुंझुनूं नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष बुधराम सैनी, भड़ौंदा खुर्द सरपंच कृष्ण



**समसपुर गांव में भाजपा नेता बबलू निषित चौधरी का नागरिक अभिनंदन किया गया।**

झाझड़िया, चनाना सरपंच चरण सिंह, सतपाल भैड़ा प्रतापपुरा, उदावास सरपंच सुमन सिहाग, राजू मारिगसर, पंचायत समिति सदस्य सरोज, भड़ौंदा खुर्द पंचायत समिति सदस्य सुशीला, बुडाना के पूर्व सरपंच दिलीप कृष्णियां, बगड़ विकास न्यास अध्यक्ष सुरेंद्र राठौड़, पूनमनाथ महाराज, विजेंद्र मील, अजय चौधरी, देरवाला सरपंच राकेश मोटसरा, भड़ौंदा कलां सरपंच सुरेंद्र, आबूसर सरपंच रोहिताश, सुलताना नगरपालिका चेयरमैन घीसाराम चावरिया, बिशनपुरा सरपंच मनीष, पूर्व सरपंच ताराचंद, चनाना पंचायत समिति सदस्य सुमन देवी, माखर पंचायत समिति सदस्य नंदलाल, कालीपहाड़ी पंचायत समिति सदस्य दशरथ सिंह, किशोरपुरा पंचायत समिति सदस्य राजेश डारा, पूर्व सरपंच प्रतापपुरा अनार देवी, ग्राम विकास अधिकारी पीयूष भारद्वाज समेत कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुऐ।

